**मुख्य विकास अधिकारी / उपाध्यक्ष, डी0डब्लू0एस0एम0, शामली की अध्यक्षता में दिनांक 03.09.2025 को जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त :–**

- बैठक में निम्नानुसार अधिकारी / कर्मचारी उपस्थित हुए :–

1 श्री विनय कुमार तिवारी, मुख्य विकास अधिकारी, शामली।

2 श्री फूल सिंह यादव, अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), शामली।

3 श्री मनोज कुमार पाल / श्री अमित कुमार, सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), शामली।

4 श्री अखिलेश प्रताप सिंह, डी0पी0एम0, मै0 जे0एम0सी0 प्रोजेक्ट एवं एल0सी0ई0 एस0पी0एल0 जे0वी0, मुम्बई।

5 श्री निखिल पाण्डे, पी0एम0, मै0 गायत्री–रामकी जे0वी0, हैदराबाद।

6 श्री शिवदत्त, डी0पी0एम0 / श्री अखिलेश, क्यू0ए0क्यू0सी0, टी0पी0आई0, शामली।

अधोहस्ताक्षरी द्वारा समीक्षा बैठक हेतु निम्न एजेण्डा मुख्य विकास अधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत किया गया :–

**बिन्दु संख्या–1 जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा :–**

**(अ) नई पेयजल योजनाऐं :–** जनपद में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत फर्म मै0 जे0एम0सी0 प्रोजेक्ट एवं एल0सी0ई0एस0पी0एल0 जे0वी0, मुम्बई द्वारा राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ द्वारा 169 नग योजनाओं के सापेक्ष 168 पेयजल योजनाओं पर कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। शेष एक पेयजल योजना उस्मानपुर पर भूमि विवाद के चलते पेयजल योजना के कार्य प्रारम्भ नहीं किये गये है। वर्तमान तक जनपद में पाइप लाइन बिछाने हेतु काटी गयी 712 कि0मी0 रोड पुर्नस्थापन के सापेक्ष 655 कि0मी0 रोड (92 प्रतिशत) रोड पुर्नस्थापन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। 172 नग के सापेक्ष 166 नग उच्च जलाशय पर कार्य प्रारम्भ हो गया है जिसमें से वर्तमान तक 21 उच्च जलाशय का कार्य पूर्ण तथा 6 नग उच्च जलाशय पर कार्य प्रारम्भ नहीं हुआ। 169 नग पे0यो0 के सापेक्ष 65 नग पे0यो0 (70 राजस्व ग्राम) पर नियमित पेयजल आपूर्ति हो रही है। 17 नग पे0यो0 पर विद्युत कनेक्शन के सापेक्ष 15 नग पे0यो0 पर विद्युत कनेक्शन कर दिये गये है। (गुराना एवं मवी तिमाली अहतमाल पे0यो0 विद्युत कनेक्शन शेष है।)

मुख्य विकास अधिकारी महोदय शामली द्वारा रोड पुर्नस्थापन की समीक्षा की गयी। रोड पुर्नस्थान की अत्यन्त धीमी प्रगति एवं रोड पुर्नस्थापन के कार्य को पूरा करने का वर्क प्लान प्रस्तुत न करने के कारण नाराजगी व्यक्त की गयी। साथ ही निर्देश दिये गये कि जिन ग्रामों में रोड पुर्नस्थापन का कार्य पर्ण किया जा चका है एवं जिन ग्रामों में रोड पुर्नस्थापन का कार्य अवशेष है अगली बैठक में उन ग्रामों की सूची प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

**(ब) पुर्नगठन पेयजल योजनाऐं :–** जनपद में फर्म मै0 गायत्री–रामकी जे0वी0, हैदराबाद द्वारा राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ द्वारा 13 पुर्नगठन पेयजल योजनाओं के सापेक्ष 13 पेयजल योजनाओं पर कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। वर्तमान तक जनपद में पाइप लाइन बिछाने हेतु काटी गयी 215 कि0मी0 रोड पुर्नस्थापन के सापेक्ष 212 कि0मी0 रोड (98.60 प्रतिशत) रोड पुर्नस्थापन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। 10 नग के सापेक्ष 10 नग उच्च जलाशय पर कार्य प्रारम्भ हो गया है जिसमें से वर्तमान तक 8 उच्च जलाशय का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। 17 राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 12 राजस्व ग्रामों में नियमित पेयजल आपूर्ति हो रही है। 04 नग पे0यो0 पर विद्युत कनेक्शन के सापेक्ष 03 नग पे0यो0 पर विद्युत कनेक्शन कर दिये गये है। (लांक पे0यो0 पर विद्युत कनेक्शन शेष है।)

मुख्य विकास अधिकारी महोदय शामली द्वारा रोड पुर्नस्थापन की समीक्षा की गयी। रोड पुर्नस्थान की अत्यन्त धीमी प्रगति एवं रोड पुर्नस्थापन के कार्य को पूरा करने का वर्क प्लान प्रस्तुत न करने के कारण नाराजगी व्यक्त की गयी। साथ ही निर्देश दिये गये कि जिन ग्रामों में रोड पुर्नस्थापन का कार्य पूर्ण किया जा चुका है एवं जिन ग्रामों में रोड पुर्नस्थापन का कार्य अवशेष है अगली बैठक में उन ग्रामों की सूची प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

**बिन्दु संख्या–2 (अध्यक्ष महोदय के अनुसार अन्य बिन्दु) :–**

मुख्य विकास अधिकारी महोदय शामली द्वारा समीक्षा के दौरान निम्नानुसार निर्देश दिये गये :–

**1– एफ0एच0टी0सी0** :– अधोहस्ताक्षरी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद शामली में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों को वर्ष 2024 तक पूर्ण किये जाने का लक्ष्य निर्धारित था जनपद के 17 ग्रामों मे निर्धारित समय अवधि में एफ0एच0टी0सी0 का कार्य पूर्ण न होने के कारण वर्तमान में आई0एम0आई0एस0 पोर्टल पर एफ0एच0टी0सी0 की फिडिंग नहीं हो पा रही है। केन्द्र सरकार द्वारा जल जीवन मिशन के कार्यों को वर्ष 2024 से बढाकर वर्ष 2028 कर दिया गया है। वर्तमान में केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार से उक्त 17 ग्रामों की 13 योजनाओं के कार्यों की समयवृद्धि प्राप्त करने की कार्यवाही प्रगति पर है। शीघ्र ही उक्त 14 योजनाओं के कार्यों की समयवृद्धि प्राप्त कर एफ0एच0टी0सी0 फिडिंग का कार्य प्रारम्भ कर दिया जायेगा।

**2– हर घर जल प्रमाणीकरण** :– अधोहस्ताक्षरी द्वारा अवगत कराया गया है कि फर्म जे0एम0सी0–लक्ष्मी द्वारा 221 ग्रामों के सापेक्ष 8 ग्रामों का हर घर जल प्रमाणीकरण एवं फर्म गायत्री–रामकी द्वारा 17 ग्रामों के सापेक्ष 08 ग्रामों का ही हर घर जल प्रमाणीकरण कराया गया है। मुख्य विकास अधिकारी महोदय शामली द्वारा दोनो फर्मों को निर्देश दिये गये कि वर्तमान में जिन योजनाओं में कार्य पूर्ण कर नियमित पेयजल आपूर्ति दी जा रही है। उन योजनाओं की सूची डी0पी0आर0ओ0 को उपलब्ध कराते हुए हर घर जल प्रमाणीकरण हेतु एक कमेटी गठित कर हर घर जल की जॉच कर हर घर जल प्रमाणीकरण की प्रगति बढाना सुनिश्चित करें।

**3– नियमित जलापूर्ति** :– मुख्य विकास अधिकारी महोदय शामली द्वारा मै0 जे0एम0सी0–लक्ष्मी को नियमित जलापूर्ति की संख्या कम होने पर नाराजगी व्यक्त की गयी है। उनके द्वारा निर्देश दिये गये कि वर्तमान में कितनी योजनाओं पर डायरेक्ट पम्पिंग के माध्यम से तथा कितनी योजनाओं पर उच्च जलाशय के माध्यम से नियमित पेयजल आपूर्ति दी जा रही है उन योजनाओं की सूची अगली बैठक में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

समीक्षा के दौरान मुख्य विकास अधिकारी महोदय शामली द्वारा निर्देश दिये गये कि वर्तमान में जिन पेयजल योजनाओं पर नियमित पेयजल आपूर्ति दी जा रही है एवं जिन ग्रामों में रोड पुर्नस्थापन का कार्य पूर्ण किया जा चुका है उनकी समय–समय पर जॉच कराये। साथ ही दोनो फर्मों को सख्त निर्देश दिये गये कि उनके द्वारा कार्यों में रुचि न लेने के कारण भारत सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना का लाभ जनता को नहीं मिल पा रहा है। अतः कार्यों को गम्भीरता से लेते हुए युद्ध स्तर पर कार्य करना सुनिश्चित करें ताकि योजना का लाभ शीघ्र जनता को मिल सकें।

(फूल सिंह यादव)
अधिशासी अभियन्ता/
सचिव डी0डब्लू0एस0एम0
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), शामली।

पत्रांक– 1242/ 108 / 79 दिनांक : 09-9-25

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
2. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ।
3. मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
4. मुख्य अभियन्ता (मेरठ क्षेत्र) उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मेरठ।
5. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), सहारनपुर।
6. जिलाधिकारी/अध्यक्ष, डी0डब्लू0एस0एम0, शामली।
7. मुख्य विकास अधिकारी/उपाध्यक्ष, डी0डब्लू0एस0एम0, शामली।
8. उप जिलाधिकारी शामली/कैराना।
9. जिला पंचायत राज अधिकारी, शामली।
10. अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड, द्वितीय/चतुर्थ।
11. समस्त खण्ड विकास अधिकारी।
12. जी0एम0/पी0एम0, मै0 जे0एम0सी0 प्रोजेक्ट एवं एल0सी0ई0एस0पी0एल0, मुम्बई।
13. पी0एम0, मै0 गायत्री–रामकी जे0वी0, हैदराबाद।
14. डी0पी0एम0, टी0पी0आई0/डी0सी0, डी0पी0एम0यू0, शामली।
15. समस्त सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर, खण्ड अन्तर्गत।

**अधिशासी अभियन्ता/**
**सचिव डी0डब्लू0एस0एम0**
**उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), शामली**

**1– एफ0एच0टी0सी0 :–** अधोहस्ताक्षरी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद शामली में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों को वर्ष 2024 तक पूर्ण किये जाने का लक्ष्य निर्धारित था जनपद के 17 ग्रामों में निर्धारित समय अवधि में एफ0एच0टी0सी0 का कार्य पूर्ण न होने के कारण वर्तमान में आई0एम0आई0एस0 पोर्टल पर एफ0एच0टी0सी0 की फिडिंग नहीं हो पा रही है। केन्द्र सरकार द्वारा जल जीवन मिशन के कार्यों को वर्ष 2024 से बढाकर वर्ष 2028 कर दिया गया है। वर्तमान में केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार से उक्त 17 ग्रामों की 13 योजनाओं के कार्यों की समयवृद्धि प्राप्त करने की कार्यवाही प्रगति पर है। शीघ्र ही उक्त 14 योजनाओं के कार्यों की समयवृद्धि प्राप्त कर एफ0एच0टी0सी0 फिडिंग का कार्य प्रारम्भ कर दिया जायेगा।

**2– हर घर जल प्रमाणीकरण :–** अधोहस्ताक्षरी द्वारा अवगत कराया गया है कि फर्म जे0एम0सी0–लक्ष्मी द्वारा 221 ग्रामों के सापेक्ष 8 ग्रामों का हर घर जल प्रमाणीकरण एवं फर्म गायत्री–रामकी द्वारा 17 ग्रामों के सापेक्ष 08 ग्रामों का ही हर घर जल प्रमाणीकरण कराया गया है। मुख्य विकास अधिकारी महोदय शामली द्वारा दोनो फर्मों को निर्देश दिये गये कि वर्तमान में जिन योजनाओं में कार्य पूर्ण कर नियमित पेयजल आपूर्ति दी जा रही है। उन योजनाओं की सूची डी0पी0आर0ओ0 को उपलब्ध कराते हुए हर घर जल प्रमाणीकरण हेतु एक कमेटी गठित कर हर घर जल की जॉच कर हर घर जल प्रमाणीकरण की प्रगति बढाना सुनिश्चित करें।

**3– नियमित जलापूर्ति :–** मुख्य विकास अधिकारी महोदय शामली द्वारा मै0 जे0एम0सी0–लक्ष्मी को नियमित जलापूर्ति की संख्या कम होने पर नाराजगी व्यक्त की गयी है। उनके द्वारा निर्देश दिये गये कि वर्तामान में कितनी योजनाओं पर डायरेक्ट पम्पिंग के माध्यम से तथा कितनी योजनाओं पर उच्च जलाशय के माध्यम से नियमित पेयजल आपूर्ति दी जा रही है उन योजनाओं की सूची अगली बैठक में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

समीक्षा के दौरान मुख्य विकास अधिकारी महोदय शामली द्वारा निर्देश दिये गये कि वर्तमान में जिन पेयजल योजनाओं पर नियमित पेयजल आपूर्ति दी जा रही है एवं जिन ग्रामों में रोड पुर्नस्थापन का कार्य पूर्ण किया जा चुका है उनकी समय–समय पर जॉच कराये। साथ ही दोनो फर्मों को सख्त निर्देश दिये गये कि उनके द्वारा कार्यों में रुचि न लेने के कारण भारत सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना का लाभ जनता को नहीं मिल पा रहा है। अतः कार्यो को गम्भीरता से लेते हुए युद्ध स्तर पर कार्य करना सुनिश्चित करें ताकि योजना का लाभ शीघ्र जनता को मिल सकें।

(फूल सिंह यादव)
**अधिशासी अभियन्ता/**
**सचिव डी0डब्लू0एस0एम0**
**उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), शामली।**

पत्रांक– 1242/ 108/79 दिनांक : 09-9-25

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

1. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
2. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ।
3. मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
4. मुख्य अभियन्ता (मेरठ क्षेत्र) उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मेरठ।
5. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), सहारनपुर।
6. जिलाधिकारी/अध्यक्ष, डी0डब्लू0एस0एम0, शामली।
7. मुख्य विकास अधिकारी/उपाध्यक्ष, डी0डब्लू0एस0एम0, शामली।
8. उप जिलाधिकारी शामली/कैराना।
9. जिला पंचायत राज अधिकारी, शामली।
10. अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड, द्वितीय/चतुर्थ।
11. समस्त खण्ड विकास अधिकारी।
12. जी0एम0/पी0एम0, मै0 जे0एम0सी0 प्रोजेक्ट एवं एल0सी0ई0एस0पी0एल0, मुम्बई।
13. पी0एम0, मै0 गायत्री–रामकी जे0वी0, हैदराबाद।
14. डी0पी0एम0, टी0पी0आई0/डी0सी0, डी0पी0एम0यू0, शामली।
15. समस्त सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर, खण्ड अन्तर्गत।

**अधिशासी अभियन्ता/**
**सचिव डी0डब्लू0एस0एम0**
**उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), शामली**